हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

11 भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण वर्ग संगठन की...



12 हड़ताल के 12वें दिन भी फायर कर्मियों के साथ डटे...






## साल 2025 : 87.33 प्रतिशत विद्यार्थी पास प्रदेश में 15वें पायदान पर रहा था जिला


# 12वीं परीक्षा परिणाम : 2024 में प्रदेश प्रथम 2025 में 15वें, अब 9वें पायदान पर जिला

- साल 2024 : 92.99 प्रतिशत पास रहे थे विद्यार्थी, प्रदेश में नंबर वन रहा था परीक्षा परिणाम
- सीनियर सेकेंडरी नियमित व मुक्त विद्यालय परीक्षा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा-2026 का परिणाम मंगलवार शाम घोषित कर दिया गया। प्रदेश में नौंवे स्थान पर जिला का परिणाम रहा है। इस परिणाम में 87.13 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। परिणाम बीते साल के मुकाबले ठीक स्थिति में है। अभी ओर मेहनत की जरूरत है। पिछला रिकॉर्ड खंगाले तो साल 2024 में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिला पहले पायदान पर रहा था। उस वक्त 92.99 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इसके अगले साल निराशा हाथ लगी और साल 2025 में जिला में 87.33 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। यह परिणाम जिला को प्रदेश में 15वें पायदान पर लेकर गया था। इस बार का परिणाम देखे तो बीते वर्ष के मुकाबले हम छह पायदान ऊपर आए है। नाखुश वाली बात यह है कि प्रदेश की मैरिट लिस्ट में महेंद्रगढ़ जिला का एक भी छात्र नहीं है। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर देख सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक जिला में सीनियर सकेंडरी 116 स्कूल है। साल 2024 में जिला से 7428 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। यह परिणाम 30 अप्रैल 2024 को घोषित हुआ। जिसमें सामने आया कि 7428 में से 6907 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं 943 की कंपार्टमेंट और 78 विद्यार्थी फेल हुए थे। इस तरह 92.99 प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने से जिला पूरे हरियाणा में प्रथम पायदान पर रहा था। इसके बाद साल 2025 में जिला का परीक्षा परिणाम नंबर वन से सीधे 15वें पायदान पर आ गया है। उस वक्त यह परीक्षा 27 फरवरी से दो अप्रैल 2025 के बीच परीक्षा हुई। इसमें 7128 ने परीक्षा दी। परिणाम घोषित हुआ तो सामने आया कि 7128 में से 6225 परीक्षार्थी पास हुए है। वहीं 686 कंपार्टमेंट और 217 फेल हुए है। इस तरह 87.33 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा था। इस बार 2026 का परीक्षा परिणाम मंगलवार शाम को घोषित हुआ। घोषित परिणाम पर नजर डाले तो 7741 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 6745 उत्तीर्ण हुए है। वहीं 762 कंपार्टमेंट आई है और 234 फेल हुए है। इस तरह 87.13 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। इस बार आंकड़े यह भी बताते है कि बीते तीन साल में इस बार सबसे अधिक बच्चे फेल हुए है। साल 2024 में 78, साल 2025 में 217 और इस बार 2026 में सर्वाधिक 234 बच्चे फेल हुए है। आपको बताते चले कि साल 2020 में जो परीक्षा परिणाम सामने आया था। उसमें सरकारी स्कूल सिहमा की छात्रा मनीषा ने 500 में से 499 अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया था। उस वक्त जिला का पास प्रतिशत 74.65 रहा था। बाद में साल 2022 में 88.70 प्रतिशत के साथ जिला प्रदेश में सातवें स्थान पर रहा। साल 2023 में जिला से 88 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।



नारनौल। खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### इन बातों का भी रखें ध्यान

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने संबंधित विद्यालय/संस्थाएं बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए परिणाम डाऊनलोड कर सकते हैं। कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यालयी परीक्षार्थी भी अपना परिणाम अनुक्रमांक व जन्म तिथि भरते हुए देख सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी/त्रुटि के लिए मेवार नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इन परीक्षा परिणामों के आधार?बोर्ड कार्यालय जि पर जो परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच अथवा पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहते हैं तो वे निर्धारित शुल्क सहित परिणाम घोषित होने की तिथि से 20 दिन तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### गांव माजरा खुर्द में भंडारा आज

**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा खुर्द स्थित शिव मंदिर में 13 मई को बाबा कामला नंद महाराज की पुण्य स्मृति में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्रधान बलवंत बोहरा एवं डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा कमला नंद महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह आठ बजे हवन-यज्ञ से होगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु आहुति देकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके उपरांत सुबह 10 बजे से प्रसाद वितरण आरंभ किया जाएगा। भंडारे में श्रद्धालुओं को बाबा की इच्छा तक प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### सरस्वती स्कूल में प्रशिक्षण शिविर 31 से

**नांगल चौधरी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में आर्य समाज कमेटी के तत्वाधान में आर्या वीरांगना चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। सात दिवसीय शिविर में रहने व भोजन का निःशुल्क प्रबंध किया जाएगा। कमेटी के जिला प्रधान धर्मबीर सिंह ने बताया कि शिविर का शुभारंभ 31 मई को होगा तथा छह जून को समापन किया जाएगा। युवाओं को सनानतनी संस्कारों तथा नियमित रूप से शारीरिक अभ्यास के लिए प्रेरित करेंगे। स्कूल में पंजीकरण के लिए काउंटर का प्रबंध किया गया है।

## कूलर-एसी, पंखे और वाटर कूलरों ने बढ़ाई डिमांड

# तपती धूप में बिजली की खपत बढ़ी जिले में रोजाना लाखों यूनिट खर्च

***मौसम बदलते ही खपत में आया बड़ा उतार-चढ़ाव, गर्मी बढ़ी तो बिजली की रफ्तार भी हुई तेज***

राजकुमार ▶▶ नारनौल

जिले में जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिजली की खपत भी नए आंकड़े छूने लगी है। भीषण गर्मी, उमस और मच्छरों से परेशान लोग दिन-रात कूलर, एयर कंडीशनर, पंखे और वाटर कूलरों का सहारा ले रहे हैं। इसका सीधा असर बिजली की मांग पर दिखाई दे रहा है।

सर्दियों के दिनों में जहां जिले में प्रतिदिन करीब 30 से 35 लाख यूनिट बिजली खर्च होती है, वहीं गर्मी के मौसम में यह आंकड़ा बढ़कर 65 लाख यूनिट प्रतिदिन तक पार कर जाता है। मई माह की शुरुआत से ही तापमान लगातार बढ़ने के कारण बिजली की खपत में तेजी दर्ज की गई है।

गत 2 मई को इलाके में गर्मी अपने चरम पर रही थी। उस दिन जिले में रिकॉर्ड 50.98 लाख यूनिट बिजली खर्च हुई। हालांकि अगले ही दिन 3 मई की शाम करीब सात बजे आई आंधी और बरसात ने मौसम को राहतभरा बना दिया। हलकी तूफानी बरसात से मौसम में अचानक आई ठंडक का असर बिजली खपत पर भी पड़ा और 4 मई को बिजली की खपत घटकर केवल 24.44 लाख यूनिट रह गई, जो 2 मई की तुलना में आधे से भी कम थी।

अब एकबार फिर मौसम के करवट बदलने से गर्माहट बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी तेजी पकड़ रही है। 11 मई को जिले में 43.15 लाख यूनिट बिजली खर्च हुई। अधिकारियों का कहना है कि यदि गर्मी का प्रकोप इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में बिजली खपत का आंकड़ा फिर 65 लाख यूनिट प्रतिदिन तक पहुंच सकता है।



नारनौल। सिंघाना रोड पर बना सर्कल कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

**जिली खपत का विवरण**

| तिथि | बिजली खपत |
|---|---|
| 11 मई | 43.15 लाख यूनिट |
| 10 मई | 44.63 लाख यूनिट |
| 9 मई | 42.18 लाख यूनिट |
| 8 मई | 37.62 लाख यूनिट |
| 7 मई | 36.27 लाख यूनिट |
| 6 मई | 36.16 लाख यूनिट |
| 5 मई | 30.88 लाख यूनिट |
| 4 मई | 24.44 लाख यूनिट |
| 3 मई | 38.61 लाख यूनिट |
| 2 मई | 50.98 लाख यूनिट |
| 1 मई | 46.24 लाख यूनिट |

### आमजन बोले - 'गर्मी में बिजली ही सबसे बड़ी राहत'

शहर और गांवों के लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में बिजली ही सबसे बड़ी राहत बनती है। बिजली कटौती होने पर घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने कहा कि रात के समय यदि बिजली चली जाए तो उमस और मच्छरों के कारण हालात बेहद खराब हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। ऐसे में निर्बाध बिजली आपूर्ति बेहद जरूरी है।

### दिन-रात फील्ड में काम कर रहीं निगम की टीमें



दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के नारनौल सर्कल के एसई जोगिंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं सुदृढ़ बिजली आपूर्ति देने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जहां कहीं भी कोई फाल्ट आता है, उसे तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम की टीमें दिन-रात फील्ड में काम कर रही हैं, ताकि आमजन को बिजली संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### दिन-रात चल रहे पंखे, फिर भी गर्मी से राहत नहीं

इन दिनों गर्मी के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन हो या रात, घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में लगातार पंखे, कूलर और एसी चलते रहते हैं। पीने के ठंडे पानी के लिए भी लोग वाटर कूलरों का उपयोग कर रहे हैं। इसके बावजूद गर्म हवाओं और उमस के कारण लोगों को न दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात को ढंग से नींद आ रही है। वहीं मच्छरों की बढ़ती समस्या ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की मांग बढ़ती है तो निगम पर भी दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में बिजली निगम के कर्मचारी दिन-रात पोल, ट्रांसफार्मर और केबलों की मरम्मत में जुटे रहते हैं, ताकि आपूर्ति बाधित न हो।

### मौसम बदलते ही बदल गया बिजली खपत का गणित

मई माह के शुरुआती दिनों में बिजली खपत के आंकड़ों ने साफ दिखा दिया कि मौसम का सीधा असर बिजली उपयोग पर पड़ता है। 2 मई को तेज गर्मी के कारण बिजली की रिकॉर्ड खपत 50 लाख से भी ज्यादा यूनिट दर्ज हुई, लेकिन 3 मई की शाम आई आंधी और बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया। इसके चलते रात के समय पंखों, कूलरों और एसी का उपयोग कम हुआ और 4 मई को बिजली की खपत में भारी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि अब तापमान दोबारा बढ़ने से बिजली खपत भी लगातार ऊपर जा रही है।



नांगल चौधरी। निरीक्षण करते एसडीएम उदय सिंह। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम ने आंतरी और जैनपुर की पहाड़ियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

अवैध खनन के खिलाफ राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एसडीएम उदय सिंह ने खनन विभाग और हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो नारनौल के अधिकारियों के साथ गांव आंतरी व जैनपुर की पहाड़ियों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने खनन विभाग और प्रवर्तन ब्यूरो को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग जारी रखी जाए। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में कहीं भी अवैध खनन की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौके पर कोई भी अवैध वाहन या मशीनरी नहीं पाई गई। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि गांव जैनपुर में फिलहाल कोई ताजा अवैध खनन नहीं हो रहा है। खनन निरीक्षक कोमल कुमार ने बताया कि अप्रैल में गांव जैनपुर की पहाड़ियों में अवैध खनन के संबंध में एक एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसके बाद से वहां कोई अवैध खनन नहीं हो रहा है। भविष्य में भी औचक निरीक्षण का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

### अटेली में रहने वाले प्रवासी मजदूर की मौत

*मंडी अटेली। अटेली अनाज मंडी में मंगलवार को एक प्रवासी मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के समस्तीपुर जिले के मिर्जापुर निवासी 37 वर्षीय दिनेश के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ समय से अटेली में रहकर मजदूरी कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अचेत हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे संभालने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत तेजी से बिगड़ती चली गई। स्थानीय लोगों द्वारा उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक तौर पर उसकी मौत का कारण फूड प्वाइजनिंग बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही अटेली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।*

**आगजनी** ग्रामीणों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर उठाए सवाल

# उनिंदा में आग की लपटों ने उजाड़े 20 घरों के ईंधन भंडार, दमकल की देरी पड़ी भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव उनिंदा में मंगलवार सायं करीब तीन बजे बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि दो मरले के कूड़े के गड्ढों में रखे करीब 20 परिवारों के ईंधन चंद मिनटों में जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के अनुसार आग की लपटें पास के मकानों तक भी पहुंच गईं। इस दौरान गांव निवासी सचिन के घर में रखा सामान भी आग की चपेट में आ गया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे, राशन सामग्री और करीब 20 हजार रुपये की नकदी जलकर नष्ट हो गई। इसके अलावा एक दुकानदार के रखे चिप्स व कुरकुरे भी आग में जल गए। जिससे उसे करीब एक हजार रुपये का नुकसान हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

ग्रामीण हिमांशु, सुभाष, अनिल, राहुल, प्रमोद, विजय और यशपाल सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने अपने सरसों के ईंधन और अन्य लकड़ियां यहां एकत्रित कर रखी थीं जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि घटना के समय उन्होंने तुरंत डायल 112 पर कॉल की, लेकिन वहां से कोई सहायता नहीं पहुंची। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जो करीब 20 मिनट की देरी से मौके पर पहुंची। तब तक आग ने भयावह रूप ले लिया था और नुकसान काफी बढ़ चुका था। दमकल विभाग की टीम और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का सही आंकलन कर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।



मंडी अटेली। उनिंदा में आग बुझते फायर कर्मी। फोटो : हरिभूमि

*जिले में किन्नरों के दो गुटों के बीच चल रहा विवाद*

# महक किन्नर ने लगाए गंभीर आरोप रचना का असली नाम रोहतास बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले में किन्नरों के दो गुटों के बीच चल रहा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। करीब छह महीने से जारी इस विवाद के बीच मंगलवार को महक किन्नर ने अपने समर्थकों के साथ पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने अपने खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया।

महक किन्नर ने कहा कि कुछ लोग उनके खिलाफ गलत बातें फैलाकर उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं और वह हर आरोपों का जवाब सबूतों के साथ देने को तैयार है।

उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल जांच करवाने की भी बात कही। महेंद्रगढ़ में मंगल मुखी अखाड़ा नारनौल, महेंद्रगढ़ से जुड़ी महक किन्नर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि वह पिछले 15 से 20 वर्षों से महेंद्रगढ़ शहर और आसपास के इलाकों में शांतिपूर्ण और ईमानदारी से काम कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि आज तक उन पर जबरन वसूली या किसी अन्य तरह का कोई आरोप नहीं लगा है।



महेंद्रगढ़। पत्रकारों से बातचीत करती महक किन्नर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### 2007 में हुआ था समझौता

महक किन्नर के अनुसार, 25 अगस्त 2007 को एक लिखित समझौता (एग्रीमेंट) हुआ था। यह समझौता बुलबुल किन्नर और रानी बामणी किन्नर के बीच हुआ था, जिसमें बुलबुल किन्नर ने महेंद्रगढ़ जिले के इलाके का पूरा अधिकार रानी बामणी किन्नर को सौंपा था। इस एग्रीमेंट पर दोनों पक्षों की तस्वीरें, हस्ताक्षर और फरीदकोट, बठिंडा, कोलकाता, करनाल, नारनौल और फतेहाबाद के किन्नर समाज के वरिष्ठ सदस्यों सहित कई गवाहों के हस्ताक्षर भी हैं। उन्होंने इसे अपना कानूनी हक बताया। पत्रकारों से बातचीत में महक किन्नर ने दावा किया कि जिस व्यक्ति को रचना के नाम से महेंद्रगढ़ का जिम्मा दिया गया है, उसका असली नाम रोहतास है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह गोहाना के पास का रहने वाला एक शादीशुदा व्यक्ति है, जिसके बच्चे भी हैं। महक ने कहा कि वह मीडिया, प्रशासन और जनता के सामने इस संबंध में सबूत पेश कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह गलत के खिलाफ आवाज उठाती रहेंगी। भले ही इसके लिए उन्हें किसी भी परेशानी का सामना क्यों न करना पड़े।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।



लाइफ Style

# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

## हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन

**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



## कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया

# सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।

### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर



इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

## लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।



## बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### 67 ग्राम अवैध अफीम के साथ नशा तस्कर काबू

**महेंद्रगढ़।** जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है और नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में कार्रवाई कर थाना सतनाली की पुलिस टीम ने एक आरोपित को 67 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये तक आंकी जा रही है। थाना सतनाली की पुलिस टीम को गश्त के दौरान एक गुप्त सूचना मिली थी कि गांव सोहड़ी का रहने वाला मनमोहन अवैध रूप से अफीम बेचने का काम करता है और फिलहाल अपने ट्यूबवेल पर नशीला पदार्थ बेच रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेड की और मौके पर पहुंचकर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को काबू कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में आरोपित की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से प्लास्टिक की थैली बरामद हुई। जब पुलिस ने उस थैली की जांच की, तो उसके अंदर से सात छोटी थैलियां मिलीं, जिनमें अफीम भरी हुई थी।

### सीबीएसई क्लस्टर गर्ल्स योगासन स्पर्धा 24 जून से

**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय में स्थित नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल में 24 जून से 27 जून तक सीबीएसई क्लस्टर गर्ल्स योगासन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर सिंघानिया विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय एवं विद्यालय स्टाफ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, आवास, भोजन, योगासन मंच, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सिंघानिया संस्थान के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है।

### धार्मिक स्थल परिसर में बनाई गई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# वीडियो क्रिएटर का विदेशी महिला पर्यटक के साथ अभद्र व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एक वीडियो क्रिएटर की ओर से विदेशी महिला पर्यटक के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। धार्मिक स्थल परिसर में बनाई गई यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवादों में आ गई है। वीडियो को लेकर लोगों, खासकर महिलाओं ने कड़ी आपत्ति जताई है और इसे शर्मनाक बताया है।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के बुहाना निवासी सचिन नामक युवक सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम आईडी चलाता है, जिस पर वह मनोरंजन व फूहड़ मजाक से जुड़ी वीडियो पोस्ट करता है। उसके अकाउंट पर हजारों फॉलोवर हैं और वह लगातार वीडियो अपलोड करता रहता है। युवक ने विवादों में आने के बाद अपनी यह पोस्ट अपनी आईडी से हटा दी, मगर तब तक लोगों ने इसकी पोस्ट को डाउनलोड कर लिया था। यह पोस्ट 11 मई को दोपहर बाद तक थी, मगर शाम को इसने इसको डिलिट कर दिया। यह इंस्टाग्राम आईडी नारनौल क्षेत्र में एक्टिव है। बताया जा रहा है कि चार दिन पहले अपलोड की गई एक वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया। यह वीडियो शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खालड़ा वाले बालाजी परिसर में बनाई गई थी, जहां प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं।

#### महिला पर्यटक का पकड़ा हाथ

*वीडियो में युवक कुछ विदेशी पर्यटकों को रोककर उनसे बातचीत करता दिखाई दे रहा है। आरोप है कि इस दौरान उसने एक महिला पर्यटक का हाथ पकड़कर अभद्र टिप्पणियां कीं और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। वीडियो में युवक महिला पर्यटक पर भद्दे कमेंट करता सुनाई दे रहा है, जिसको लेकर सोशल मीडिया यूजर्स ने नाराजगी जताई है। वीडियो वायरल होने के बाद कई लोगों ने धार्मिक स्थल की गरिमा और महिलाओं के सम्मान को लेकर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स का कहना है कि इस प्रकार की हरकतें क्षेत्र की छवि खराब करती हैं और विदेशी पर्यटकों के बीच गलत संदेश देती हैं।*

#### फूहड़ मजाक की बनाता है वीडियो

*राजस्थान के बुहाना निवासी वीडियो क्रिएटर सचिन बुहाना फूहड़ मजाक की वीडियो पोस्ट करता है। उसके 3861 फॉलोवर हैं तथा उसने अपने इंस्टा अकाउंट पर 158 वीडियो पोस्ट की हुई हैं। उसकी ज्यादातर वीडियो में भद्दा मजाक दिखता है। क्रिएटर ने खालड़ा वाले बालाजी परिसर में कई वीडियो बना रखी हैं। इनमें भी उसने बालाजी से भी मजाकिया अंदाज में अर्जी लगाई है। वहीं एक वीडियो में वह ग्रामीण महिलाओं को भी रोककर उनसे बातचीत करता दिखाई दे रहा है।*

## यदुवंशी स्कूल में जल पखवाड़ा समारोह, संरक्षण का दिया संदेश



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में जल पखवाड़ा समारोह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। एनएसएस अधिकारी अनूप यादव के दिशा निर्देशन में जल बचाने के संदेश के साथ रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का महत्व बताया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जल है तो कल है, पानी बचाओ, जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने जल संरक्षण की शपथ भी ली और दैनिक जीवन में पानी का सदुपयोग करने का संकल्प लिया। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि जल हमारे जीवन का सबसे अनमोल संसाधन है। यदि हम आज जल की बचत नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जल पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## स्टेम मेला एक्टिविटी में सिसोठ स्कूल को राज्य स्तर पर मिली 25वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिसोठ ने एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा आयोजित स्टेम मेला एक्टिविटीज में 25वीं रैंक प्राप्त की। इसी उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत एवं ममाज टीम सिसोठ द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच वीरेन्द्र सिंह उर्फ विक्की एवं ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में मंच संचालन मा. अनिल सिसोठिया व मास्टर नित्यानंद यादव ने किया।

कार्यक्रम में कलस्टर इंचार्ज प्राचार्य बीरेन्द्र सिंह व एबीआरसी सबीना एवं डॉ. राहुल चौपड़ा, एसएमसी प्रधान रेखा और लक्ष्मी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत में सरपंच ग्राम पंचायत के सिसोठ के सदस्य एवं ममाज टीम सदस्यों ने मुख्याध्यापिका सुमित्रा देवी, अध्यापक दयाराम, महेंद्र सिंह, कुलदीप, विज्ञान अध्यापिका सुमन देवी एवं पीटीआई प्रेमलता, सुमित को फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर उनका सम्मान किया व समस्त स्टाफ सहित सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि कलस्टर इंचार्ज प्राचार्य बीरेंद्र सिंह व एबीआरसी समीना ने बताया कि विज्ञान अध्यापिका सुमनलता ने विज्ञान व गणित की चार महीने की स्टेम मंच प्रकिया बच्चों के साथ मिलकर दीक्षा ऐप पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पूरी कारवाई, उसी के परिणाम स्वरूप विद्यालय को हरियाणा स्तर पर 25वीं रैंक मिली है, इसके लिए विज्ञान अध्यापिका सुमन देवी एवं समस्त स्टाफ के कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर मिशन महेन्द्रगढ अपना जल टीम सदस्य मुकेश चौहान ने विद्यालय के सभी बच्चों को एक-एक रजिस्टर व पेन दिया। इसके साथ-साथ समस्त स्टाफ को एक-एक पौधा भेंटकर उनका सम्मान किया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को मोतीचूर के लड्डू खिलाए।

## धनौन्दा में बसपा की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बसपा की समीक्षा बैठक को संबोधित करते केंद्रीय प्रभारी डॉ. सीपी सिंह। फोटो : हरिभूमि

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक गांव धनौन्दा में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रभारी सीपी सिंह, हरियाणा प्रभारी महेन्द्र सिंह जाजोरिया और अटेली से बसपा प्रत्याशी अतरलाल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर व बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया।

अध्यक्षता जिला प्रधान प्रमोद कटारिया ने की। बैठक में राष्ट्रीय प्रभारी सीपी सिंह ने जिला बसपा पार्टी के संगठन पदाधिकारी व सदस्यों का परिचय प्राप्त करने के बाद पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने जिला स्तरीय तथा चारों विधानसभाओं के पार्टी संगठन को एक महीने के अंदर बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। इसलिए कार्यकर्ताओं को मजबूती से पार्टी की सरकार बनाने के लिए काम करना चाहिए। बैठक में राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की गरीब किसान, मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में नगर निकाय सफाई कर्मचारियों व दमकलकर्मियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए हरियाणा सरकार से उनकी मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की गई। बैठक में सरकारी हस्पतालों में स्टाफ, दवाई व आधारभूत संरचना की कमी पर रोष प्रकट करते हुए राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग से सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की बढ़ोतरी करने की मांग की।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रमोद कटारिया, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह यादव, जिला महासचिव कपिल देव, जिला बीवीएफ संयोजक सोनू कुमार, विधानसभा अटेली अध्यक्ष रविन्द्र रामबास, विधानसभा महेंद्रगढ़ अध्यक्ष मनोज कुमार, विधानसभा नांगल चौधरी अध्यक्ष विनोद नियामतपुर, अखिल भारतीय जांगड़ा महासभा उपाध्यक्ष सीताराम जांगड़ा, विधानसभा महेंद्रगढ़ कोषाध्यक्ष हंसराज जोनावास, नारनौल विधानसभा महासचिव सचिव अजय छिछोलिया, विधानसभा अटेली प्रभारी सुभाष कुमार, महासचिव तुषार तायल, सेक्टर अध्यक्ष नंदलाल, चंद्रपाल, मदनलाल डाडैया बामसेफ, कैलाश सेठ, अश्वनी, सुमित, प्रवीण बीवीएफ, दिनेश, चिरंजी, मुदसहर, प्रवीण खींची, राजेश कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार, रविन्द्र कुमार, तुषार तायल, सतवीर, सतीश कुमार, रिंकू, मोनू, प्रशांत आदि मौजूद थे।

## उदय कॉलेज में मनाया नर्स दिवस




महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

दादरी-नारनौल रोड स्थित गांव पाली के उदय नर्सिंग कॉलेज में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था चेयरपर्सन डॉ. अर्चना ठाकुर रहीं, जबकि अध्यक्षता संस्था डायरेक्टर पंकज ने की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बीएससी नर्सिंग की छात्रा हैप्पी ने डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं छात्रा अभिलाषा ने रैंप वॉक प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में अरुण, मोनिका, नेहा, रितु, सुरेश कुमार सहित संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। मुख्यातिथि डॉ. अर्चना ठाकुर ने नर्सिंग पेशे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं और समाज सेवा में उनकी भूमिका अतुलनीय है।

## नेशनल मॉडल स्कूल ने स्वदेशी सामान अपनाने का लिया संकल्प




*महेंद्रगढ़। नेशनल मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने वैश्विक ऊर्जा संकट के मध्य नजर पेट्रोलियम पदार्थ बचाने व स्वदेशी अपनाने तथा विदेशी सामान का बहिष्कार करने का संकल्प लिया। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि ईरान व अमेरिका इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों का वैश्विक संकट खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तथा स्टाफ सदस्यों ने पेट्रोल डीजल बचाने का संकल्प लिया तथा स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने व विदेशी सामान का बहिष्कार करने का भी संकल्प लिया। विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा स्टाफ सदस्य स्वयं तो पेट्रोल डीजल बचाएंगे ही। साथ ही अपने आस पड़ोस के लोगों को भी पेट्रोल डीजल बचाने के लिए प्रेरित करेंगे। पेट्रोल-डीजल बचाने का संकल्प विद्यालय के अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री ने करवाया।*

### जांजड़ियावास में दादी सती का मेला व भंडारा 16 कोम

**महेंद्रगढ़।** गांव जांजड़ियावास में इस वर्ष भी 16 मई को अमावस्या पर दादी सती माता मंदिर में देसी घी के भंडारे तथा मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला प्रबंधक कमेटी प्रधान सूबेदार राम अवतार ने बताया कि मेले में 15 मई को रात्रि को जागरण होगा जिसमें मुख्य कलाकार डॉ. ऋषिपाल, भूपसिंह लोहार नारनौल व मनोज जांगड़ा म्यूजिकल ग्रुप, नरेंद्र मास्टर, संदीप निराला द्वारा दादी सती माता की महिमा का गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 मई को प्रातः 6:15 बजे हवन यज्ञ का आयोजन होगा। तदोपरांत प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। मेला कमेटी ने सभी क्षेत्रवासियों से मेले में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। सायंकालीन सत्र में योगशाला पार्क में बॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता करवाई जाएगी जिसमें विजेता टीम को 21 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 15 हजार बतौर इनाम दिए जाएंगे।

## पर्यावरण विज्ञान विषय पर क्विज प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा




**महेंद्रगढ़।** सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में कक्षा पहली से तीसरी तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण विज्ञान विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रामवीर यादव एवं विद्यालय चेयरमैन रूपराम यादव ने किया। इस दौरान विद्यालय परिसर को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आकर्षक पोस्टर एवं स्लोगन से सजाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे चार्ट एवं चित्रों के माध्यम से प्रकृति प्रेम का संदेश दिया। क्विज प्रतियोगिता को बच्चों की आयु के अनुसार रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाया गया।

**विचार-विमर्श** भाजपा जिला प्रशिक्षण टोली की हुई बैठक

# भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा: दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बैठक में भाग लेते भाजपा नेता व पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी जिला प्रशिक्षण टोली की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इस माह के अंत में आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व विधायक एवं मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार दीपक मंगला ने जिला प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी के रूप में प्रशिक्षण टोली के सदस्यों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने की। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव व महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए दीपक मंगला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, कार्यशैली व जनसेवा के मूल मंत्रों की जानकारी प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन को मजबूती प्रदान करता है और जनता के बीच प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है। भाजपा एक अनुशासित और कार्यकर्ता आधारित संगठन है और कार्यकर्ता का निरंतर विकास ही संगठन की सफलता का मूल मंत्र है। जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें।

बैठक में जिला प्रशिक्षण प्रमुख अजीत कलवाड़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व विधायक सीताराम, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, जिला महामंत्री किशनलाल सैनी, योगेश शास्त्री, नरेंद्र झिमरिया, ओमप्रकाश रावत, जेपी सैनी, संदीप मालडा, मंजीत यादव, शिवरतन, संजय अमन, अमित भारद्वाज, अनिल सैनी आदि मौजूद थे।

## आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल को किया नमन




नारनौल। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** नर्सिंज दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में आधुनिक नर्सिंग की जननी महान मानवतावादी कर्तव्यनिष्ठ मसीहा फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति को यथोचित मान सम्मान से याद किया। जयंती समारोह का संचालन प्रवक्ता डॉ. होशियार सिंह ने किया। उन्होंने फ्लोरिसं नाइटिंगेल के सेवाभाव से भरे जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुजुर्गों, बीमार, महिलाओं व बच्चों के प्रति दयालुता का भाव ही सच्चे मायने में इंसान बनाता है। प्रवक्ता धर्मसिंह ने जयंती समारोह में बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फ्लोरिसं नाइटिंगेल ने नर्सिंग को एक स्वतंत्र, वैज्ञानिक व गरिमापूर्ण पेशा बनाने के के लिए लंदन में पहला नर्सिंग ट्रेनिगं स्कूल खोला। सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने कहा कि दया व सेवा की प्रतिमूर्ति नाइटिंगेल द लेडी विद द लैम्प के नाम से प्रसिद्ध हैं। इस मौके पर डॉ. महताब सिंह, मुकेश कुमार, सुमेर सिंह, मलखान सिंह, सुरेन्द्र कुमार, गजराज सिंह, प्रदीप कुमार, सुमन, गुलजारी लाल, राकेश कुमार पीटीआई, विक्रम सिंह, श्रवण कुमार आदि उपस्थित थे।

**NOTICE**

I, Raj Kumar Saini aged about 60 years son of Sh. Amar Singh Saini Resident of House no. 181, Ward no.11 Mohalla Sainipura Mahendergarh, Haryana, 123029 (Mob no : 82210-31636) declare That I have two sons and One Daughter namely Tinku, Bindiya and Happy. My younger Son Happy got married with Manisha D/o Babu Lal resident of Ward no. 10, Mohalla Baba Baag, Namaul, District Mahendergarh on 12.04.2025. Now my younger Son Happy and His Wife Manisha started disrespecting me and they are out of my control. Now I am disowning my younger Son Happy and His wife Manisha from my all kinds of movable and immovable property.

**सार्वजनिक सूचना**

मै विक्रम सिंह पुत्र जगमाल सिंह वासी कांवी की ढाणी तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राकेश यादव व उसकी पत्नी एकता मेरा कोई कहना नहीं मानते हैं और अपनी मनमजी करते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै भगोती पत्नी ग्यारसी लाल वासी अमरपुरा तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति की सर्विस बुक Indian Posts & Telegraph Department में मेरा नाम भगवती देवी लिखा हुआ है जबकि मेरा सही नाम भगोती है। निमानुसार ठीक करें।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं राकेश कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी मोहल्ला गुरुनानकपुरा, नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विश्रुत व उसकी पत्नी सिमरन मेरे कहने व सुनने से बाहर है। मेरा कहना नहीं मानते हैं। मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं मंजू कुमारी पत्नी श्री अनिल कुमार मकान नंबर 247/2 आदर्श नगर, नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ की रहने वाली हूं। सभी उद्देश्यों के लिए मैंने अपना नाम मंजू कुमारी से बदलकर मंजू देवी रख लिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं सतीश कुमार पुत्र श्री धर्मपाल कौम अहीर निवासी गांव कुलताजपुर, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हिमांशू मेरे कहने के बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। यदि कोई उससे लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सीजेएम ने अधिवक्ताओं मध्यस्थों संग की बैठक

**नारनौल।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार देशभर में चलाए जा रहे समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय (वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र) में बैठक का आयोजन किया। सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि समाधान समारोह न्याय को हर घर तक सरल और सुलभ बनाने की एक विशेष पहल है।

### जनगणना कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**नारनौल।** डिजिटल जनगणना के पहले चरण यानी मकानों की सूची तैयार करने व आवास गणना के कार्य की समीक्षा के लिए गुरुग्राम मंडल आयुक्त रवि प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने कहा कि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली पोर्टल पर कई ब्लॉक्स में अभी कार्य शुरू होना बाकी है। इसे जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने फील्ड अधिकारियों को प्रगति की रिपोर्ट तैयार करने और डेटा पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए।

### डॉक्टर बनकर दादा-दादी का सपना किया पूरा

**निजामपुर।** गांव दनचौली की बेटी मुस्कान छिल्लर ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर दादा-दादी का सपना पूरा किया है। साथ ही मेधावी छात्रा ने ग्रामीण मरीजों की सेवा को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। परिजनों ने बताया कि मुस्कान छिल्लर शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 88 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। इसके बाद वर्ष 2021 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया।

### शिविर में तेजी से करें समस्याओं को हल

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए एक उपयोगी मंच बन रहे हैं। यह बात महेंद्रगढ़ एसडीएम योगेश सैनी आईएएस ने सतनाली खंड कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कहीं। एसडीएम योगेश सैनी ने शिविर में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके समाधान बारे निर्देश दिए।

### रास्ता भटकी बच्ची को परिवार से मिलाया

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते कल एक रास्ता भटकी हुई नाबालिग बच्ची को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 11 मई को एक नाबालिग बच्ची गुरुग्राम से गलती से बस में सवार होकर नारनौल आ गई थी। बस स्टैंड पर उतरने के बाद वह अनजान जगह होने के कारण घबराई हुई अवस्था में इधर उधर घूम रही थी। बच्ची को अकेला और परेशान देखकर स्थानीय नागरिकों ने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना प्राप्त होते ही डायल 112 की ईआरवी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उसे थाना शहर लेकर आई। थाने में पुलिस कर्मियों ने बच्ची को सहज महसूस कराया और बड़े ही प्यार से उससे पूछताछ की। बच्ची ने अपने परिजनों का नाम व मोबाइल नंबर पुलिस को बताया।

*11 गांवों से होकर 12 किलोमीटर का बनेगा बाइपास, लॉजिस्टिक हब, मेडिकल कॉलेज व ढोसी रोप-वे भी जुड़ेंगे*

# नारनौल के विकास को लगेंगे पंख, एनएच 148बी के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल शहर के चारों ओर रिंग रोड पूरा होने की फिर से आस जगी है। रेवाड़ी रोड सराय सुराणी के पास से जो बाइपास महेंद्रगढ़ रोड होते हुए रघुनाथपुरा-गहली के बीच सिंघाना रोड पर खत्म हो रहा है। उसे बढ़ाकर मांदी नदी के पास बने बाइपास वाले सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। यह पूरा होने पर नारनौल रिंग रोड पूरा हो जाएगा। इसके बाद शहर के अंदर एंट्री की बजाय बाहरी बाइपास से सिंघाना, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नांगल चौधरी किसी भी सड़क मार्ग पर बिना ट्रेफिक झंझट में फंसने की बजाय आसानी से चारों ओर पहुंच सकेंगे। यहीं नहीं, करीब 12 किलोमीटर दूरी वाले इस बाइपास के बनने से ढोसी रोप-वे, मेडिकल कॉलेज और लॉजिस्टक हब भी जुड़ जाएंगे। मतलब यहां भी आसानी से पहुंचा जा सकेगा। इस बाइपास के निर्माण की पहल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुरू कर दी है। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा महेंद्रगढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-148बी के निर्माण को लेकर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में भारत के राजपत्र (गजट) में एक ओर अधिसूचना प्रकाशित की गई है।

**इस बाइपास के निर्माण के बाद नारनौल रिंग सर्कल हो जाएगा पूरा**


भारत का राजपत्र
The Gazette of India
EXTRAORDINARY
PUBLISHED BY AUTHORITY

नारनौल। गजट नोटिफिकेशन।

## सक्षम प्राधिकारी का आदेश होगा अंतिम

### यह है गजट अधिसूचना

गजट अधिसूचना के अनुसार नारनौल क्षेत्र के विभिन्न गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें थाना, बसीरपुर, मकसूसपुर, रघुनाथपुरा (138), रघुनाथपुरा, कोरियावास, कुलताजपुर, अमरपुर जोरासी, गहली, टहला, तालुक-नारनौल में शामिल हैं। यह अधिग्रहण एनएच-148बी के किलोमीटर 0 से 12 तक सड़क निर्माण (चौड़ीकरण, पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और संचालन के लोक प्रयोजन के लिए यह भूमि अपेक्षित है।

### 21 दिन के भीतर कर सकेंगे आपित्त

अधिसूचना में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति, लो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा। ऐसे प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात जिला राजस्व अधिकारी महेंद्रगढ़ को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्ष प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विविध पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसे आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात तथा ऐसी और जांच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा। उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे समक्ष प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

## 12 दिन से हड़ताल पर हैं नगर पालिका के कर्मचारी

# मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज करने की दी चेतावनी

**पिछले 35 दिन से चल रहा है फायर ब्रिगेड के कर्मियों का आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल 12वें दिन भी जारी रही, वहीं फायर ब्रिगेड कर्मियों का आंदोलन 35वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता संयुक्त नगर पालिका इकाई प्रधान भूपेंद्र सिंह एवं गुरदयाल सिंह ने की। नगर पालिका इकाई के महासचिव महेंद्र दायमा ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान करने की मांग की। फायर कर्मियों ने अपनी मांगों को दोहराते हुए कहा कि उन्हें न्याय दिया जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए तथा सभी को एक कलम से नियमित करने की नीति लागू हो। साथ ही उन्होंने मांग की कि फायर कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा, आश्रितों को सरकारी नौकरी तथा बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च सरकार उठाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार गंभीर निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। धरने को राज्य स्तर के नेताओं ने भी संबोधित किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सगलिया, सर्व कर्मचारी संघ राज्य सचिव महेंद्र बोयत, जिला प्रधान कौशल यादव तथा नगर पालिका जिला प्रधान राहुल सरवन ने आंदोलन को समर्थन दिया और मांगों को जायज बताया। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन इसी मजबूती के साथ जारी रहेगा।

धरने में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें महावीर प्रसाद, भीम सिंह, कृष्ण कुमार, निरंजन लाल, देवानंद, जसवंत, संजय, राजेश, रोशन, रमन, दीपक, सुरेंद्र, धर्मेंद्र, जोगिंदर, प्रदीप, युवराज, दिनेश, आशीष, मनोज, रविकांत, आकाश, विनोद सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे।


नारनौल। धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। शहर में विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### महेंद्रगढ़ में भी हड़ताल जारी, कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन, जमकर लगाए नारे

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी व दमकल कर्मी की हड़ताल मंगलवार को जारी रहीं। हड़ताल के चलते कामकाज पूरी तरह ठप रहा। हालांकि शहर की सफाई व्यवस्था डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कर्मचारियों ने कूडे प्वाइंट पर सफाई व्यवस्था संभाली हुई हैं। कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके अलावा कर्मचारियों ने सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों यह प्रदर्शन नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर शंकर मार्केट, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, आंबेडकर चौक होते हुए नगर पालिका कार्यालय में समाप्त हुआ। नगर पालिका कर्मचारी संघ प्रधान पूर्ण कुमार ने बताया कि, यह हड़ताल प्रदेशभर के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में हो रही है। प्रधान ने बताया कि हाल ही में चंडीगढ़ में प्रधान सचिव अशोक मीणा के साथ 17 सूत्रीय मांगों पर बातचीत हुई थी, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो वे 'आर-पार की लड़ाई' के लिए तैयार हैं। इस मौके पर प्रधान पूर्ण कुमार, रामू, बिरजू, दीपक, चांदराम, रोहित, विनोद, सुंडाराम, शम्मी, राजेश, विजय, संदीप, रामपाल, महेंद्र, राहुल, आरती सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### मांगें माने सरकार

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा में अग्निशमन विभाग व नगर पालिका, नगर परिषद व नगर निगम में कार्यरत हजारों कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर काफी दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है और एक महीने से ज्यादा समय से हड़ताल पर है। जिससे पूरे प्रदेश में गंदगी का आलम बना हुआ है। सरकार और कर्मचारियों के बीच चल रहे आंदोलन से आमजन को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसलिए सरकार को कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत कर इनकी मांगों का समाधान कर आंदोलन खत्म करवाना चाहिए। कर्मचारी सरकार से कोई नई मांग नही मनवा रहे, बल्कि उनकी रेगुलराइजेशन की मांग काफी पुरानी है।


कनीना। हड़ताल के चलते लगे कूड़े के ढेर। फोटो : हरिभूमि

### हड़ताल पर डटे रहे नपा के सफाई कर्मचारी

**कनीना।** सफाई कर्मचारियों हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर मजदूर दिवस से शुरू की गई हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। इस बारे में नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर पिछले दिनों से कर्मचारी हड़ताल कर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में 21 कर्मचारी अस्थाई रूप से कार्यरत हैं। कर्मचारियों के काम छोड़ हड़ताल पर रहने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने लगी है। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले लंबे समय से कच्चे कर्मचारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, सरकार उनके हितों की अनदेखी कर रही है। उनकी ओर से मांग पत्र नपा सचिव कपिल कुमार व प्रधान डॉ. रिम्पी लोढ़ा को सौंपा गया है। कर्मचारियों ने दो दिन हड़ताल बढ़ाने का ऐलान किया है।



मंडी अटेली। प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ठेका प्रथा के खिलाफ अटेली में आंदोलन

**मंडी अटेली।** नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की ठेका प्रथा के विरोध में चल रही हड़ताल मंगलवार को 12वें दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है और कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को हड़ताली कर्मचारियों ने अटेली के झंडा चौक और पुरानी मंडी क्षेत्र में पैदल मार्च निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर रोष प्रकट किया। कर्मचारियों का कहना है कि ठेका प्रथा के कारण उनका लगातार शोषण हो रहा है। वर्षों से काम करने के बावजूद उन्हें न तो स्थायी नियुक्ति दी जा रही है और न ही उचित वेतन मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि सफाई कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि ठेका प्रथा को समाप्त कर नियमित भर्ती की जाए, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया जाए तथा समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए।


मंडी अटेली। जैतपुर धाम में विकास कार्यों का हुआ उद्घाटन। फोटो : हरिभूमि

### जैतपुर धाम में विकास कार्यों का उद्घाटन

**मंडी अटेली।** ग्राम जैतपुर धाम में मंगलवार को राव थावर सिंह मेमोरियल खेलकूद प्रतियोगिता के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में नवनिर्मित हॉल तथा स्वर्गीय श्रीमती मोहरली देवी की स्मृति में बनाए गए बरामदे का लोकार्पण किया गया। साथ ही प्रधान ताराचंद यादव के निवास से चौफूलिया मुख्य सड़क तक निर्मित सीसी रोड का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मोहित जसवंत यादव रहे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जयप्रकाश झाबर, महंत रामेश्वर दास, महंत सुमितगिरी जी महाराज तथा ईश्वर रोडवालिया शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अनीता ने की। कार्यक्रम संयोजक एवं श्री श्याम सेवा समिति जैतपुर धाम के अध्यक्ष ताराचंद यादव ने बताया कि बरामदा उनके माता-पिता की स्मृति में परिवार के सहयोग से बनवाया गया है।

### लकड़ी व्यापारी रखेंगे अमावस्या को अवकाश

**महेंद्रगढ़।** लकड़ी, प्लाइवुड एवं हार्डवेयर व्यापारियों की सामूहिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक अमावस्या के दिन व्यापारी अपने प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखेंगे। व्यापारियों ने कहा कि यह निर्णय व्यापारिक एकता एवं सामाजिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी व्यापारियों से इस निर्णय का पालन करने की अपील की गई है। साथ हीं यह भी तय किया गया कि यदि कोई दुकानदार इस सामूहिक निर्णय का उल्लंघन करते हुए अमावस्या के दिन अपना प्रतिष्ठान खुला रखता पाया गया, तो उस पर समिति द्वारा निर्धारित जुर्माना लगाया जाएगा। व्यापारियों ने आशा व्यक्त की है कि सभी सदस्य इस निर्णय का सम्मान करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।


मंडी अटेली। गैबीराम मंदिर परिसर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### नि:शुल्क शिविर में 102 मरीजों की जांच

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गुवानी में बाबा गैबीराम मंदिर परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 102 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। शिविर में जनरल बीमारियों के साथ-साथ कान, नाक, गला, हड्डी एवं जोड़ रोग, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर से संबंधित मरीजों की विशेष जांच की गई। डॉक्टरों द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गईं। नारनौल के एक निजी अस्पताल से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को उनके रोग के अनुसार उचित परामर्श दिया और स्वस्थ रहने के लिए जरूरी सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया। इस शिविर की विशेष बात यह रही कि गांव की सरपंच रीना यादव ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई और स्वयं मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत उपमंडल महेंद्रगढ़ में चल रहे मकान गणना कार्य को सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने वाली गणना कर्मचारी मंजू देवी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सतनाली स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें उपमंडल अधिकारी योगेश सैनी आईएएस ने स्वयं उपस्थित होकर उन्हें सम्मानित किया। उपमंडल महेंद्रगढ़ में सबसे पहले मकान गणना का कार्य पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य का परिचय मंजू देवी, जिनका एचएलबी नंबर 0037 ने दिया है। उनके इस समर्पण, कार्यकुशलता एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन को देखते हुए प्रशासन की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। उपमंडल अधिकारी ने कहा कि जनगणना जैसा कार्य पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी गणना कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक मंजू देवी से प्रेरणा लेते हुए अपने कार्यों में तेजी लाएं तथा सही एवं तथ्यात्मक आंकड़े एकत्रित करें।


महेंद्रगढ़। मंजू देवी को सम्मानित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### पीएम अपनी व मंत्रियों की विदेश यात्राएं कम करें

**महेंद्रगढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकीया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों से खरीदारी में संयम बरतने तथा डीजल-पेट्रोल की बचत को लेकर दिए गए सुझावों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। महेंद्रगढ़ में जारी बयान में सत्यवीर यादव झुकिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 से 2020 के दौरान कई विदेश यात्राएं कीं, जिन पर देश की जनता की मेहनत की कमाई का हजारों करोड़ रुपये खर्च हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इन विदेश यात्राओं का आम जनता को कोई प्रत्यक्ष लाभ दिखाई नहीं दिया। सत्यवीर यादव ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री जनता से डीजल-पेट्रोल की बचत और खर्चों में कटौती की अपील कर रहे हैं, उसी प्रकार उन्हें अपनी और अपने मंत्रियों की विदेश यात्राओं पर भी रोक लगानी चाहिए, ताकि देश की जनता की गाढ़ी कमाई को बचाया जा सके।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निजी सचिव से मिल उठाई मांग

# सिविल अस्पताल में लापरवाही का आरोप, सौंपा ज्ञापन

*प्रसव के बाद बच्चे की हो गई थी मौत, समय पर उपचार न करने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

नारनौल सिविल अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में कथित लापरवाही इलाज में देरी और गंभीर आरोपों को लेकर गांव अटाली निवासी सतीश कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अटेली स्थित कार्यालय में उनके निजी सचिव विकास यादव को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ज्ञापन में सतीश कुमार ने बताया कि इसी माह आठ मई सुबह करीब चार बजे उन्होंने अपनी पत्नी सोनाली को प्रसव पीड़ा होने पर नारनौल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। डिलीवरी वार्ड में तैनात नर्सिंग स्टाफ एवं डॉक्टरों ने समय पर उचित उपचार नहीं दिया और मरीज की स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों द्वारा कई बार आग्रह करने के बावजूद इलाज में लापरवाही बरती गई और अनावश्यक देरी की गई। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 10 बजे उनकी पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया, लेकिन समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण नवजात शिशु की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना से परिवार में गहरा शोक छा गया और परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते उपचार मिलता तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी।


मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय में कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपते हुए।

### कदम-कदम पर लापरवाही

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने एंबुलेंस सुविधा के लिए पर्ची भी कटवाई थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें एंबुलेंस उपलब्ध नहीं करवाई गई जो अस्पताल प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि डिलीवरी के बाद कुछ नर्सों द्वारा परिजनों से बधाई के नाम पर पैसे मांगे जा रहे थे। यह कृत्य न केवल अनैतिक है, बल्कि अवैध भी है और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की छवि को धूमिल करता है। सतीश कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए तथा दोषी नर्सिंग स्टाफ और संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### भाजपा कार्यकारिणी बैठक में मंथन

**मंडी अटेली।** बाछौद मंडल की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को सुदृढ़ बनाने और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह यादव ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शिवरतन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सराय, महामंत्री जयप्रकाश यादव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान एसआईआर और बीएलए दो से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। सभी शक्ति केंद्र प्रमुखों को निर्देश दिए गए कि वे मन की बात कार्यक्रम को बूथ अध्यक्षों के माध्यम से सरल ऐप पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही 30 एवं 31 तारीख को प्रस्तावित जिला प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं की भागीदारी का आग्रह किया गया।